RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 103 • 25:04:2024 • गुरूवार • मूल्य : 5/-


हैरतअंगेज



## बीकानेर में डेढ़ बीघा जमीन धंसने का रहस्य और गहराया

### राज जानने के लिए लग रहा लोगों का मेला, अब जियोलॉजिकल विभाग करेगा जांच

**बीकानेर (एजेंसी)।** राजस्थान के बीकानेर जिले में 9 दिन पहले डेढ़ बीघा जमीन अचानक 100 फीट नीचे धंस गई। इसका रहस्य अभी भी बरकरार है। यह घटना अब सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियों में है। इस घटना ने लोगों को हैरत में डाल दिया है। लोग इस जगह पर रिल्स बनाने के लिए उमड़ रहे हैं। इसके बाद हादसे की आशंका के चलते अब प्रशासन ने यहां पर लोगों की आवाजाही पर पाबंदी लगा दी है। जमीन धंसने की घटना से ऐसा लग रहा है कि कोई खगोलीय पिंड जमीन से टकराया हो, जिसके बाद यह गहरा गड्ढा हो गया। हैरत कर देने वाली यह घटना बीकानेर जिले के लूणकरणसर तहसील के सहजरासर गांव की है। जहां डेढ़ बीघा जमीन धीरे-धीरे 100 फुट नीचे धंस गई है। यह घटना




अब लोगों में आश्चर्य का विषय बन गई है। आसपास के लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में कई वर्षों पहले बिजली गिरी। इसके चलते ग्रामीणों का मानना है कि हर साल मिट्टी धंसती गई। इसके चलते लोगों ने इस स्थान को 'बिजलगढ़' का नाम दे दिया। लोगों ने बताया कि जमीन धंसने की घटना को लेकर उन्होंने कई बार प्रशासन को इस मामले की सूचना दी है। बीकानेर जिले में अचानक डेढ़ बीघा जमीन के 100 फीट नीचे धंस जाने की घटना काफी सुर्खियों में है। इस घटना को लेकर बीकानेर जिला प्रशासन का मानना है कि इस जगह के नीचे कोई तालाब या कुआं रहा होगा, जिसकी वजह से जमीन धंस गई। जिस गांव में जमीन धंसी है उस स्थान के करीब से सड़क भी इस गड्ढे में समा गई।

## संक्षिप्त समाचार

### अब इलेक्टोरल बॉन्ड पर रार, एसआईटी जांच की मांग

- लेनदेन को लेकर प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिये राजनीतिक दलों, कॉरपोरेट और अधिकारियों के बीच कथित लेनदेन की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराई जाए। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने इस मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने 15



फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को गैर संवैधानिक करार देकर स्टेट बैंक से कहा था कि वह लेनदार और देनदार की लिस्ट जारी करे। यह लिस्ट चुनाव आयोग की वेबसाइट के जरिये पब्लिक डोमेन में आ चुकी है। एडवोकेट प्रशांत भूषण ने अब सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर गुहार लगाई गई है कि मामले में फर्जी कंपनी और घाटे में चल रही कंपनियों की तरफ से दिए गए चंदे के मामले में फंड के स्रोत का पता लगाना जरूरी है।

### बीच लोकसभा चुनाव देश के 4 शहरों में ईडी का छापा

- तुलसियानी ग्रुप के लखनऊ, प्रयागराज और गुड़गांव ठिकानों पर छापेमारी

**प्रयागराज (एजेंसी)।** रीयल एस्टेट से जुड़े तुलसियानी ग्रुप के कई ठिकानों पर ईडी अफसरों ने बुधवार को छापा मारा। लखनऊ, प्रयागराज, नोएडा और गुरुग्राम में ईडी की कई टीमें जांच कर रही हैं। तुलसियानी ग्रुप पर बैंक और निवेशकों के 30 करोड़ से ज्यादा की रकम हड़पने का आरोप है। तुलसियानी ग्रुप द्वारा पंजाब नैशनल बैंक की कर्ज की रकम हड़पने और तमाम निवेशकों की तरफ से दर्ज कराए गए मुकदमों के आधार पर ईडी ने अपनी जांच शुरू की थी।




अभिनेता शाहरुख खान और उनकी पत्नी गौरी इस ग्रुप की ब्रांड एंबेसडर रह चुकी हैं। गौरतलब है कि दिसंबर, 2023 में तुलसियानी ग्रुप के खिलाफ मनी लॉड्रिंग एक्ट का मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि कंपनी ने जाली दस्तावेज जमाकर पंजाब नेशनल बैंक से 4.63 करोड़ रुपये कर्ज लिया था। जब कर्ज ने वसूली के लिए पत्राचार शुरू किया तो कंपनी की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके बाद बैंक मैनेजर ने तुलसियानी ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और पूर्व निदेशकों पर हजरतगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया।

छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में पीएम मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला

## माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगाएगी कांग्रेस

- कहा-कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर सबसे बड़ा हमला बोल दिया है। सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान पर पीएम ने एक जनसभा में कहा है कि कांग्रेस अब माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगाने का काम करने वाली है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने खुद एक परिवार से दूसरे परिवार को सत्ता ट्रांसफर की है,



लेकिन देश के लोगों को ऐसा करने से रोका जा रहा है। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में कहा कि शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। अब ये लोग इससे भी एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। अब कांग्रेस का कहना



है कि वो इनहेरिटेंस टैक्स लगाएगी, माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे छीन लेगा। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। जानकारी के लिए बता दें कि सैम पित्रोदा ने एक बयान में विरासत टैक्स की बात कर दी थी।

#### भारत आत्मनिर्भर बना तो कईयों की दुकानें बंद हो जाएंगी

जब मैं विकसित भारत कहता हूं तो कांग्रेस और दुनिया की कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया तो कुछ ताकतों का खेल ही बिगड़ जाएगा। भारत आत्मनिर्भर बन गया तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वे भारत में कांग्रेस और इंडी गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस देश को तबाह करने में लगी रही। देश में आतंकवाद किसके कारण फैला। देश में नक्सलवाद किसके कारण बढ़ा।

## इलेक्शन को नहीं कर सकते कंट्रोल, ईसी ने दूर किया संदेह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए से डाले गए वोटों का पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के साथ पूर्ण सत्यापन करने को लेकर दायर याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। इस दौरान कोर्ट

- ईवीएम-वीवीपैट मामले में सुप्रीम कोर्ट की दो टूक, फैसला सुरक्षित

ने अहम टिप्पणी करते हुए साफ किया कि वह चुनावों के लिए कंट्रोलिंग अथॉरिटी नहीं है और संवैधानिक अथॉरिटी भारत के चुनाव आयोग के कामकाज को निर्देशित नहीं कर सकता है। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा, हम उन चुनावों को कंट्रोल नहीं कर सकते, जो किसी अन्य संवैधानिक प्राधिकरण (चुनाव आयोग) द्वारा आयोजित किए जाने हैं। अदालत ने कहा कि चुनाव निकाय (चुनाव आयोग) ने संदेह को दूर कर दिया है। जस्टिस



संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि वह महज संदेह के आधार पर कार्रवाई नहीं कर सकती। इस याचिका को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी।

## यूपी चुनाव में अब तालिबान हनुमान और शरिया की एंट्री

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 का पहला चरण बीत चुका है। 26 अप्रैल को दूसरे चरण की वोटिंग के लिए चुनाव प्रचार आज शाम पांच बजे थम जाएगा। सात चरणों में होने वाले चुनाव के प्रचार ने तेजी पकड़ ली है। बीजेपी, कांग्रेस, सपा और बसपा



के सभी कद्दावर नेता मैदान में उतर चुके हैं।

इन सभी दलों के स्टार प्रचारक एक दूसरे पर वार-पलटवार करते जा रहे हैं। सभी तरह के मुद्दों के बीच मुसलमान, हनुमान, शरिया जैसे शब्द भी नेताओं के बयान में शामिल हो चुके हैं। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपनी चुनावी रैलियों में कहते नजर आते हैं- कांग्रेस का घोषणापत्र देखिए। इसमें वे कहते हैं कि शरिया कानून लागू कर देंगे। भारत संविधान से चलेगा। कांग्रेस के लोग अपने घोषणापत्र में कहते हैं कि व्यक्तिगत कानून यानी शरिया कानून को लागू करेंगे। कांग्रेस को देश की

- सीएम योगी आदित्यनाथ भर रहे हुंकार, सपा और कांग्रेस निशाने पर

कीमत पर येन केन प्रकारेण सत्ता चाहिए। वह महिलाओं पर बर्बर अत्याचार करने वाले तालिबानी प्रवृत्ति को भारत में लागू करना चाहती है। ये लोग तीन तलाक का समर्थन करते हैं। कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करके तालीबानी विध्वंस की समर्थक है। उनके घोषणापत्र में आधी आबादी के अपमान के इरादे साफ दिखाई देते हैं।

मीरा रोड हिंसा

## बीजेपी नेता गीता जैन और नीतेश राणे की बढ़ेंगी मुश्किलें!



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई की मीरा रोड पर हिंसा के बाद भड़काऊ भाषण के मामले में बीजेपी नेता नीतेश राणे और स्थानीय विधायक गीता जैन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। राज्य सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट में कहा है कि भड़काऊ भाषण के मामले को लेकर बीजेपी विधायक नितेश राणे और गीता जैन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। सरकारी वकील हितेन वेणेगावंकर ने कोर्ट को बताया कि दोनों नेताओं के खिलाफ अलग-अलग पुलिस स्टेशनों में केस दर्ज किए गए हैं। मीरा रोड पर पूरे विवाद की शुरुआत रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले हुई थी।

## कांग्रेस को बीच चुनाव में अब बैकफुट पर लाए सैम पित्रोदा

### अब पार्टी ने बयान से झाड़ा पल्ला, खुद भी दे रहे सफाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के पहले राउंड की वोटिंग हो चुकी है और दो दिन बाद दूसरे चरण का मतदान होना है। इस बीच कांग्रेस के सीनियर नेता सैम पित्रोदा के बयान पर विवाद खड़ा हो गया है और इसे भाजपा ने लपक लिया है। सैम पित्रोदा ने अमेरिका का हवाला देते हुए कहा था कि वहां पर विरासत टैक्स है और किसी के भी मरने पर 55 फीसदी दौलत सरकार की हो जाती है। उसके परिजनों और बच्चों को 45 फीसदी संपत्ति ही मिलती है। यह अच्छा नियम है और भारत में भी इस पर बहस की जरूरत है। इसे लेकर विवाद खड़ा हो गया तो अब कांग्रेस पार्टी ने उनके बयान से ही पल्ला झाड़ लिया है। इसके अलावा सैम पित्रोदा ने भी सफाई देते हुए कहा है कि उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर सैम पित्रोदा के बयान को उनकी निजी राय बताया है। जयराम रमेश ने कहा, सैम पित्रोदा मेरे सहित दुनिया भर में कई लोगों के लिए गुरु, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के समान रहे हैं। उन्होंने भारत के विकास में कई महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह



इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं। पित्रोदा जी उन मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखते हैं जिनके बारे में वह बोलना जरूरी समझते हैं। लोकतंत्र में एक व्यक्ति अपनी बात रखने, चर्चा करने और व्यक्तिगत विचारों को लेकर बहस करने के लिए निश्चित रूप से स्वतंत्र भी होता है। इसके आगे जयराम रमेश ने सैम पित्रोदा से पल्ला झाड़ते हुए लिखा, इसका मतलब यह नहीं है कि पित्रोदा जी के विचार हमेशा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पोजीशन को दर्शाते हैं। कई बार उनके विचार अलग होते हैं।

## पीएम मोदी की स्पीच के खिलाफ ईसी ने शुरू की जांच

- बांसवाड़ा में कहा था-कांग्रेस सत्ता में आई तो आपकी संपत्ति मुस्लिमों में बांट देगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलेक्शन कमीशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बांसवाड़ा में दिए गए बयान की जांच शुरू कर दी है। पीएम मोदी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में कहा था कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों की संपत्ति को मुस्लिमों में बांट देगी। साथ ही पीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री



मनमोहन सिंह की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है। पीएम के इस बयान के खिलाफ कांग्रेस और सीपीआई-एम ने चुनाव आयोग में अलग-अलग शिकायतें दर्ज कराई थीं।

आ गई खुशखबरी!

## ट्रेनों में अब जल्द खत्म होगा वेटिंग का झंझट

- रेल मंत्री ने बताया-कब से मिलेगा कंफर्म टिकट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ट्रेनों के जनरल और स्लीपर कोच में यात्रियों की भीड़ होना तो आम बात थी मगर अब एसी कोच में भी लोगों की धक्का-मुक्की बढ़ गई है। सोशल मीडिया पर आए दिनों कई तस्वीरें



और वीडियो सामने आती रही हैं, जिनमें लोग एसी कंपार्टमेंट में भी भेड़-बकरियों की तरह भरे हुए नजर आ रहे हैं। इसी बीच केंद्रीय रेल और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव का कहना है कि अगले पांच वर्षों में लगभग सभी रेल यात्रियों को कन्फर्म टिकट मिल सकता है। अश्विनी वैष्णव की बातों पर भरोसा करें तो अगले पांच साल में वेटिंग के झंझट से छुटकारा मिलने वाला है।

आईएएनएस से बातचीत में अश्विनी वैष्णव ने यह भी कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे में अभूतपूर्व परिवर्तन किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, अगले पांच वर्षों में, पीएम मोदी गारंटी देते हैं कि रेलवे की क्षमता इतनी बढ़ा दी जाएगी कि यात्रा करने वाले लगभग किसी भी यात्री को आसानी से कन्फर्म टिकट मिल सके। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत कड़ी के जरिए रेलवे को और मजबूत किया जाएगा और खासकर यात्रियों के लिए सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जाएगा। वैष्णव ने पिछले दशक में भारतीय रेलवे के बदलाव पर भी जोर दिया और कहा, 2014 से 2024 तक 31,000 किलोमीटर नए ट्रैक बनाए गए।

## ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार बोली-भारत सरकार ने देश छोड़ने को मजबूर किया

- चुनावी कवरेज की इजाजत नहीं दी, सरकार ने कहा-उन्होंने वीजा नियम तोड़े

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की एक पत्रकार ने मंगलवार को दावा किया है कि उसे भारत में चुनाव की कवरेज की इजाजत नहीं दी गई। उन्हें देश छोड़कर जाने के लिए भी मजबूर किया गया। ऑस्ट्रेलिया के न्यूज कंपनी के लिए काम करने वाली अवनी डिऐज 19 अप्रैल को भारत छोड़कर जा चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अवनी वही पत्रकार हैं, जिन्होंने कनाडा में खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या के खिलाफ एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। यूट्यूब पर मौजूद इस रिपोर्ट को भारत सरकार ने देश में बैन कर दिया गया था। इस न्यूज ने इसका विरोध भी किया था। अवनी ने अपने एक पॉडकास्ट लुकिंग फॉर मोदी में बताया कि भारत सरकार ने उनके वीजा परमिट को यह कहकर आगे नहीं बढ़ाया गया कि उनकी रिपोर्ट्स ने लाइन क्रॉस की है।



संक्षिप्त समाचार

## पिता के साथ अभिनेत्री नेहा शर्मा ने किया रोड़ शो



**भागलपुर//बिहपुर, एजेंसी।** बिहपुर विधानसभा क्षेत्र में अभिनेत्री नेहा शर्मा ने महागठबंधन प्रत्याशी पिता अजीत शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो मड़वा ब्रजलेश्वर धाम से बिहपुर बाजार, सोनवर्षा बभनगामा, अमरपुर, गौरीपुर, तेलगी से तेतरी दुर्गा मंदिर पहुंचा। यहां पूजा पाठ किया। इस दौरान महागंठबंधन के भारी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता भी शामिल थे। वहीं नेहा शर्मा सभी का अभिनंदन कर रही थीं।

## गुहाल बनाने के विवाद में वृद्धा से मारपीट, मौत

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** रंगरा थाने के प्यारे लाल दास टोला में जमीन विवाद के दौरान गुहाल बनाने को लेकर महिला से मारपीट के बाद उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने महिला की पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। मृतक महिला 65 वर्षीय उषा देवी पति स्व. विद्यानन्द यादव के छाती के मुक्के से मारने के दौरान सास नली टूटने से मृत्यु होने की बात बताई जा रही है। घटना की सूचना पर रंगरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शाम को अनुमंडल अस्पताल भेज दिया। मृतक महिला के पौत्र ने बताया कि घर की जमीन पर मेरे बड़े पापा शशिभूषण यादव गुहाल बना रहे थे। इसी दौरान आर्मी जवान सोनू यादव पिता अखिलेश यादव और ललन यादव पिता स्व. सचिदानंद यादव गुहाल बनाने से रोकने लगा। विवाद होने पर वे दोनों मारपीट करने लगे। दादी बचाने आयी तो दोनों ने दादी के सीने में मुक्का से मारने लगे, जिससे वह जमीन पर गिर गयी और उसकी मौत हो गयी। ललन यादव रंगरा थाने में चौकीदार है। घटना शाम की बतायी गयी है। मृतक महिला को तीन पुत्र शशिभूषण यादव, फुदो यादव व पवन यादव है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। रंगरा थानाध्यक्ष राजाराम सिंह ने बताया कि दोनों के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। एसपी पूरण झा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उषा देवी की मृत्यु सीने में दर्द के कारण हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर में मृतका और पड़ोसी के बीच विवाद में झड़प हुई और उसके कुछ घंटे बाद उषा देवी की मृत्यु हो गयी।

## सड़क दुर्घटना में खलासी की मौत, चालक रेफर

**भागलपुर/बिहपुर, एजेंसी।** मंगलवार को तड़के करीब तीन बजे बिहपुर प्रखंड के झंडापुर थाना क्षेत्र के दयालपुर चौक के पास एनएच-31 पर ट्रक और तेल टैंकर की आमने-सामने टक्कर हो गयी। इसमें टैंकर के खलासी की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है। उसकी स्थिति गंभीर देख बिहपुर सीएचसी के डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। तेल टैंकर के मृतक खलासी की पहचान बेगूसराय जिले के देवना निवासी मोनू खान और घायल चालक की पहचान बेगूसराय जिले के बरौनी थाना क्षेत्र के पपरौल वार्ड नंबर 11 के मौलानाबाद निवासी अनवर के रूप में हुई है। झंडापुर पुलिस ने दोनों के परिजनों को घटना की जानकारी दी। खलासी के परिजन झंडापुर और चालक के परिजन मायागंज पहुंचें। खलासी के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार टाइल्स लदा ट्रक राजस्थान से भागलपुर जा रहा था। वहीं टैंकलारी खगड़िया की ओर जा रहा था। भिड़ंत के बाद ट्रक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक के चालक और खलासी को हल्की चोट लगी है।

# चुनाव वाले दिन सीमाएं होंगी सील:असामाजिक तत्वों के नेपाल में शरण लेने की संभावना, शांति भंग करने वाले हो रहे चिह्नित



**बेतिया, एजेंसी।** पश्चिम चंपारण जिले में लोक सभा चुनाव को स्वच्छ, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर हर स्तर पर प्रशासनिक व्यवस्था की जा रही है। सुरक्षा के भी व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है।किसी भी असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन व्यापक स्तर पर तैयारी कर रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि पश्चिम चंपारण जिले की सीमा भौगौलिक रूप से नेपाल, उत्तरप्रदेश, गोपालगंज और पूर्वी चंपारण की सीमा से लगा है। ऐसे में चुनाव को लेकर असामाजिक तत्वों को चिह्नित करने की कार्रवाई के बीच असामाजिक तत्वों के नेपाल में भागकर शरण लेने की संभावना है। दूसरे जिले के भी असामाजिक तत्वों के इस जिले में आकर चुनाव को प्रभावित करने की संभावना है। ऐसे में संदिग्ध गतिविधियों वाले और जेल से जमानत पर छूटकर बाहर आए वैसे लोगों को चिह्नित करने का काम लगातार जारी है।

### असामाजिक तत्वों के गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी

उन्होंने कहा सीमावर्ती क्षेत्रों के जिलों के वरीय अधिकारियों से प्रथम चरण की बैठक का दौर समाप्त हो गया है। असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृति के लोगों की सूची का आदान-प्रदान किया जा चुका है। उनकी हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए अलग से पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए है। सीसीए की कार्रवाई की जा रही है। इसी में अब चुनाव के दिन जल से थल तक सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया जाएगा।

### पड़ोसी जिले के डीएम और एसपी से भी अनुरोध किया जाएगा

पड़ोसी देश नेपाल, पड़ोसी राज्य यूपी से सटे सीमा पर भी विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही सभी पड़ोसी जिले के डीएम और एसपी से भी बात कर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव कराने में मदद करने का अनुरोध किया गया है। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शितापूर्ण तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया संपादित करने के लिए कटिबद्ध है। हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। विधि-व्यवस्था का गंभीरता से पालन कराने, आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराने और उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने मतदाताओं को प्रभावित करने संबंधी किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया है।

# पुलिस लिखी वाहन से कुचल कर बच्ची की मौत,समस्तीपुर के उजियापुर एनएच 28 पर हादसा

### लोगों ने सड़क किया जाम



**समस्तीपुर, एजेंसी।** समस्तीपुर के उजियारपुर थाने के एनएच28 पर चांदचौर गांव के पास मंगलवार रात सड़क किनारे मां के साथ खड़ी बच्ची को पुलिस लिखी वाहन ने कुचल डाला। जिससे बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस लिखी वाहन दलसिंहसराय की ओर फरार हो गई। उधर, घटना की सूचना पर उजियारपुर पुलिस ने शव को जब्त कर देर रात पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। मृतक बच्ची की पहचान इसी थाने के चांदचौर नया टोल वार्ड एक मोहल्ला के राकेश कुमार सिंह की पुत्री सोनाक्षी कुमारी (4वर्ष) के रूप में की गई। घटना के संबंध में राकेश सिंह ने बताया कि उनकी पत्नी रानी कुमारी के साथ उनकी चार साल की पुत्री सोनाक्षी सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान मुसरीघरारी की ओर से एक पुलिस लिखी वाहन स्कार्पियों को ओवर टेक करने के प्रयास में सड़क किनारे खड़ी उनकी बच्ची को अपने चपेट में ले लिया। जिससे कुचल कर उसकी मौत हो गई। हालांकि इस घटना में उसकी मां बाल-बाल बच गई।

### कुछ देर के लिए लोगों ने किया सड़क जाम

उधर इस घटना के विरोध में कुछ देर के लिए लोगों ने एनएच 28 को जाम कर दिया। जिससे रात में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में मौके पर पहुंची उजियारपुर पुलिस ने लोगों को समझा बूझा कर मामला शांत कराया। पुलिस पदाधिकारी ने चांदचौर चौक पर लगी सीसीटीबी कैमरा को खंगाला तो देखा की पुलिस लिखी वाहन से ही हादसा हुआ है। हालांकि पुलिस वाहन कहां का है इसके बारे में पता नहीं चल सका है। चुकी नंबर कैमरा में स्पष्ट नहीं आ पा रहा था।

### क्या कहती है पुलिस

उजियारपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि घटना को लेकर एक प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## गया में प्रेम प्रसंग में हुई ऑटो ड्राइवर की हत्या

**गया, एजेंसी।** गया में 26 साल के ऑटो ड्राइवर राहुल की हत्या में अफेयर की बात सामने आ रही है। 22 अप्रैल को उसका शव मिला था। उसके शरीर पर मारपीट के निशान थे। परिवार का कहना है कि उसका एक लड़की से अफेयर चल रहा था। लड़की का परिवार ये जानता था और वो दोनों के रिश्ते से नाखुश था। लड़की की एक बहन की शादी मुफस्सिल थाना क्षेत्र में हुई है। अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए वो मानपुर जाया करता था। घटना के दिन भी वह अपने ऑटो से मानपुर गया हुआ था। वहीं से वह लापता हुआ और फिर दूसरे दिन उसकी मेडिकल थाना क्षेत्र के हरियो के पास लाश मिली। उसका ऑटो भी डेड बॉडी के पास ही पड़ा है। ऑटो में बिल्कुल खरोच नहीं है। इधर, पुलिस ने मृतक का ऑटो और मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस मोबाइल की कॉल डिटेल निकलवा रही है।

**पिता बोले- आखिरी बार 22 अप्रैल को बात हुई थी:** मृतक के पिता विनोद कुमार यादव का कहना है 21 अप्रैल की रात करीब तीन बजे घर से यह कह कर निकला था कि वह मानपुर जा रहा है। उसे एक डीजे वाला ने बुलाया है। विनोद यादव से जब यह पूछा गया कि क्या आप डीजे वाले को जानते हैं तो उन्होंने कहा कि नहीं जानते। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को 11 से 12 बजे बीच राहुल से बात हुई थी।



**प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका :** पिता ने बताया कि उस समय उसने कुछ भी नहीं बताया था, लेकिन शाम को अचानक से पुलिस का फोन आता है कि राहुल का शव हरियो के पास पड़ा है। ऑफ द रिकार्ड मृतक के पिता विनोद यादव और गोपाल यादव ने बताया कि राहुल का चंदौती के रहने वाली लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिस लड़की से प्रेम प्रसंग था उसकी एक बहन मानपुर में ब्याही हुई है। राहुल अक्सर किसी न किसी बहाने से मानपुर में लड़की से मिलने जाया करता था। उन्होंने बताया कि इस हत्या में 4 लोग शामिल हैं। सभी के खिलाफ आवेदन दिया गया है। इधर, रामपुर थानाध्यक्ष का कहना है कि पुलिस सभी बिंदु पर जांच कर रही है। शीघ्र ही इस मामले का पुलिस खुलासा करेगी।

## पुलिस को चकमा देकर अस्पताल से बंदी फरार, 2 सुरक्षाकर्मी भी गायब, पेट दर्द की शिकायत पर हुआ था भर्ती



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच में भर्ती बंदी की सुरक्षा में जेल प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आयी है। वार्ड पांच में इलाजरत बंदी धीरज कुमार सोमवार की दोपहर तीन बजे पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। वह अहियापुर में पांच साल पूर्व हुए चर्चित अंकज ठाकुर हत्याकांड में नामजद आरोपी है। अहियापुर थाना के खालिकपुर गांव का रहने वाला है। घटना की सूचना पर हड़कंप मच गया। बताया गया है कि बंदी की सुरक्षा में तैनात दो कक्षपाल भी गायब हैं। शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारा के अधीक्षक ब्रिजेश सिंह मेहता ने अहियापुर थाने में आवेदन दिया है।

पुलिस एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। घटना को लेकर जेल प्रशासन की ओर से बताया गया है कि कारा के चिकित्सा पदाधिकारी ने जांच के बाद पेट में दर्द की शिकायत पर बेहतर इलाज के लिए धीरज को 20 अप्रैल को एसकेएमसीएच में भर्ती कराया था। उधर, घटना के बाद पुलिस ने खालिकपुर स्थित धीरज के आवास पर छापेमारी की। इस दौरान उसके भाई को उठाने की चर्चा है। पुलिस कस्टडी से बंदियों के फरार होने का ये कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी बंदी पुलिस व्यवस्था को धता बताकर भागने में सफल रहे हैं। फिलहाल अस्पताल से फरार हुए कैदी की तलाश में पुलिस जुट गई है।

# सड़क हादसे में एक महिला समेत तीन जख्मी,ट्रैक्टर ने मारी टक्कर

### कंप्यूटर क्लास करने के बाद गांव वापस लौट रहे थे

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुरके दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे में महिला समेत तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए । इसके बाद सभी ज़ख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल आ गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को गंभीर अवस्था में पटना रेफर कर दिया गया है। पहली घटना कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव के समीप बाइक सवार दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

ज़ख्मियों में कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव निवासी सुरेंद्र प्रसाद का 22 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार और फुलटून सिंह का 30 वर्षीय पुत्र अमित कुमार शामिल है। इधर,परिजनों ने बताया की साहिल स्नातक का छात्र है। वो प्रतिदिन की तरह कंप्यूटर क्लास करने के लिए आरा आया हुआ था । लौटने के दौरान उसे रास्ते में अमित मिल गया । इसके बाद दोनों बाइक से गांव जा रहे थे । इसी गांव के समीप सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी ।इस हादसे में दोनों जख्मी को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है।



### बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर,स्थिति नाजुक

धोबहां थाना क्षेत्र के सलेमपुर पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार ने पैदल जा रही एक बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में हुआ बुरी तरह जख्मी हो गई । इसके बाद गश्ती पुलिस के द्वारा उन्हें आननङ्कफानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी महिला धोबहां अगरसंडा बेहरा गांव निवासी स्वर्गीय टांगर प्रसाद के 60 वर्षी पत्नी दवलातो कुंवर है। परिजनों ने बताया कि वह अपने घर से सलेमपुर बैंक में पैसा जमा करने के लिए जा रही थी। इस बीच पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी परिजनों को दी। जहां गंभीर अवस्था में सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया

## उड़ान भरने ही वाला था इंडिगो का विमान तभी आई ये बड़ी खराबी



# पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

**पटना, एजेंसी।** पटना एयरपोर्ट से कोलकाता के लिए उड़ान भरने से ठीक पहले मंगलवार की रात इंडिगो के विमान (संख्या 6ई-342) में अचानक खराबी आ गई और विमान के बाएं इंजन से ईंधन का रिसाव होने लगा। उड़ान से पहले एयरपोर्ट पर जांच के दौरान इसका पता चला। समय रहते गड़बड़ी सामने आने से बड़ा हादसा हो सकता था। विमान उड़ान भरने वाला था और यात्रियों की बोर्डिंग प्रक्रिया भी शुरू हो गई थी। लेकिन, रिसाव का पता चलते ही इसे तत्काल रोक दिया गया। इसके बाद इंडिगो के इंजीनियरों ने रिसाव को रोकने की कोशिश की। लेकिन, देर रात तक इसे ठीक नहीं किया जा सका। इधर, यात्रियों को जैसे ही विमान में खराबी का पता चला, वे उग्र हो गए। यात्रियों ने टर्मिनल बिल्डिंग के भीतर जमकर हंगामा किया और दूसरे विमान से कोलकाता भेजने की मांग करने लगे। सीआईएसएफ के जवानों की पहल और दूसरे विमान मंगाए जाने का भरोसा मिलने के बाद यात्री शांत हुए। फिलहाल इस विमान को पटना एयरपोर्ट पर ग्राउंडेड कर दिया गया है। कोलकाता से आए दूसरे विमान से भेजे गए यात्री विमानन कंपनी ने कोलकाता से दूसरा विमान मंगवाया। रात साढ़े ग्यारह बजे दूसरा विमान पटना एयरपोर्ट पर पहुंचा जिससे रात 12.17 यात्री कोलकाता भेजे गए। पटना-कोलकाता विमान से कुल 181 यात्रियों को कोलकाता जाना था। कुल 181 यात्रियों में से आठ को कोलकाता पहुंचने के बाद बेंगलुरु जाना था। उन आठ यात्रियों को अहमदाबाद जा रहे इंडिगो के विमान से भेज दिया गया। अहमदाबाद से दूसरे विमान से उन्हें बेंगलुरु भेजा जाएगा। कुछ यात्री दिल्ली, मुंबई की फ्लाइट से भी रवाना किए गए। अंत में बचे 158 यात्रियों को कोलकाता से आए फेरी फ्लाइट से कोलकाता भेजा गया। इस वाकये की वजह से पटना एयपोर्ट पर घंटों अफरातफरी मची रही। पुणे से पटना आने के बाद विमान को यात्रियों को लेकर अहमदाबाद के लिए उड़ान भरना था। पुणे-पटना विमान देर से पटना एयरपोर्ट पर पहुंचा नतीजतन पटना से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट 6ई 178 भी तीन घंटे की देरी से यहां से उड़ान भर सकी। रात 10.20 बजे पटना से अहमदाबाद के लिए 167 यात्रियों ने उड़ान भरी। इससे पहले मंगलवार को पुणे से पटना आने वाले इंडिगो के विमान 6ई 653 में भी उड़ान से ठीक पहले तकनीकी खराबी आ गई। विमान को रनवे की ओर ले जाया जा रहा था तभी पायलट को तकनीकी खराबी का सिग्नल कॉकपिट में मिला।

## बैग दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग-लाखों का सामान खाक

### दमकल की 3 गाड़ियों ने आग पर पाया काबू



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया के थाना क्षेत्र के बाजार में मोहन पोद्दार की बैग दुकान में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयावह रूप ले लिया। लोगों ने आग पर काबू पाने की काफी कोशिश की लेकिन आग की लपटें काफी तेज हो गई थी। आग नीचे से ऊपर मंजिल पर चली गई। स्थानीय लोग व फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। तब फायर ब्रिगेड की तीसरी गाड़ी मौके पर पहुंची करीब एक घंटे तक कोशिश के बाद आग पर काबू पाया गया।

**शॉर्ट सर्किट से लोग हैं परेशान :** दरअसल, जिस जगह हादसा हुआ उससे महज पांच मीटर की दूरी पर बिजली का ट्रांसफार्मर है ट्रांसफार्मर में अधिक लोड होने के कारण यहां पर आए दिन शॉर्ट सर्किट होते रहता है। सूचना पर नवगछिया थाने की पुलिस भी पहुंची। इस हादसे में लाखों रुपए के समान जलकर राख हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### नई दिल्ली, पुरी और वडोदरा के लिए 5 स्पेशल ट्रेन

**हाजीपुर।** यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 5 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। इसमें आनंद विहार और कानपुर से पटना के लिए, कटिहार से आनंद विहार के लिए, पुरी से नई दिल्ली के लिए और सियालदह से वडोदरा के लिए 1-1 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया कि गाड़ी संख्या 04112 कानपुर सेंट्रल-पटना समर स्पेशल कानपुर से 24 अप्रैल से लेकर 26 जून तक हर बुधवार को 20.00 बजे खुलेगी। इसके बाद अगले दिन 08.00 बजे पटना पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 04111 पटना-कानपुर सेंट्रल समर स्पेशल पटना से 25 अप्रैल से 27 जून तक हर गुरुवार को 10.15 बजे खुलेगी। इसके बाद अगले दिन 22.30 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 01, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 08 और साधारण श्रेणी के 05 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 04078 आनंद विहार-पटना सुपर फास्ट समर स्पेशल आनंद विहार से 29 अप्रैल से लेकर 24 जून तक हर सोमवार को 23.55 बजे खुलेगी। इसके बाद अगले दिन 16.45 बजे पटना पहुंचेगी। वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 04077 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट समर स्पेशल पटना से 30 अप्रैल से 25 जून तक हर मंगलवार को 20.00 बजे खुलेगी। इसके बाद अगले दिन 14.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। इसमें वातानुकूलित श्रेणी के 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी के 05, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 12 कोच होंगे।

### गैस सिलेंडर ब्लास्ट में झुलसे भाई-बहन की मौत, PMCH में चल रहा था इलाज, 6 अभी भी भर्ती

ठवैशाली में गैस सिलेंडर से गैस रिसाव और ब्लास्ट करने के दौरान घर में लगी आग से झुलसे दो भाई-बहन की इलाज के दौरान पीएमसीएच में मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया है। हालांकि अगलगी की घटना में झुलसे और भी छह लोगों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। फिलहाल सभी का इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा है। दोनों मृतक किशोर संजीत साह के बेटे शिवा कुमार और उसकी बेटी लक्ष्मी कुमारी है। जबकि उसकी पत्नी सोनम कुमारी गंभीर रूप से घायल है। बता दें कि बिदुपुर थाना क्षेत्र की नावानगर पंचायत के वार्ड संख्या-7 में मंगलवार की दोपहर गैस लीकेज के दौरान एक घर में आग लग गई थी। आग के बीच ही गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया था जिसमें एक ही घर के आठ लोग झुलस गए। इसमें चार बच्चे, तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल थे। सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर लाया गया था, जहां से सभी को गंभीर स्थिति में पीएमसीएच रेफर कर दिया गया था।

### यात्री को झांसे में लेकर ATM से निकाले 5000 रुपए

**पटना।** पटना जंक्शन के पास यात्री को झांसा देकर शातिर ने एटीएम से 5 हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी अजीत कुमार का आपराधिक इतिहास रहा है। पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। पीड़ित देवराज कुमार ने बताया कि आंध्र प्रदेश से मजदूरी करके पटना पहुंचा था। यहां से खगड़िया के लिए ट्रेन पकड़नी थी। जंक्शन के पास अजीत और उसके साथियों से मुलाकात हुई। बातचीत के दौरान उसने बताया कि उसका भाई बैंक मैनेजर है और मानसी के तरफ ही गाड़ी से जाने वाला है। हमलोग साथ में निकल जाएंगे। उसके झांसे में आकर अपना एटीएम कार्ड, तीन मोबाइल दे दिया। कुछ देर बाद अपने साथियों के साथ वो फरार हो गया। उन्होंने आगे कहा कि अजित को खोजते-खोजते स्टेशन से बाहर जीपीओ की तरफ आया तो देखा कि वो पान की दुकान पर खड़ा है। मुझे देखकर वो भागने लगा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी ने पीड़ित को एटीएम और मोबाइल वापस कर दिया है। उसने एटीएम से 5 हजार रुपए निकाला था, जिसे पुलिस कौ सौंप दिया है। कोतवाली पुलिस उसके अन्य साथियों की तलाश और सामान की बरामदगी में जुट गई है।

### घर से बाहर निकली बुजुर्ग वापस नहीं लौटी, रिश्तेदार के यहां गए हुए थे परिवार के लोग, बेटा बोला- कोई नाराजगी नहीं थी

**पटना।** पटना के जक्कनपुर थाना अंतर्गत जीपीओ गोलंबर और करबिगहिया के बीच से गायब हो गई है। महिला का नाम देवमंती देवी है। उम्र लगभग 60 वर्ष है। पूरा परिवार गोलंबर से सटे ही रहता है। बेटा उदय कुमार का व्यवसाय करते हैं। उदय ने बताया कि गया रिश्तेदार की शादी में गए थे। बीवी मेरी दुकान पर गई थी। घर पर मेरा एक छोटा बेटा सुमित था। मंगलवार की सुबह लगभग 8:30 बजे अपने पोते से बोलकर निकली की घूमने जा रही हूं। फिर घूमकर आ रही हूं। लेकिन पूरे दिन बीत जाने के बाद भी घर नहीं लौटी। इस बाबत में उदय ने जक्कनपुर थाने में आवेदन भी दिया है। जीआरपी में जाकर सीसीटीवी कैमरे दिखाने का भी बेटे ने आग्रह किया। हालांकि वहां नहीं दिखाया गया। बेटा कोतवाली थाना भी पहुंचा था। जहां से खोजबीन करने का आश्वासन मिला है। बेटे ने बताया कि कोई नाराजगी नहीं थी। अचानक घर से निकली और गायब हो गई। ये चिंता का विषय है। रिश्तेदार के यहां से लौटकर लगातार खोजबीन कर रहा हूं। लेकिन कोई पता नहीं है। थाना के द्वारा अभी आवेदन का रिसीविंग भी नहीं दिया गया है। जक्कनपुर थानाध्यक्ष एचएन सिंह ने बताया कि आज ही आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस छानबीन कर रही है। महिला स्वेच्छा से घर से बाहर निकली है। बता दें कि तीन महीने पहले एक नाबालिग लड़की भी जक्कनपुर थाना क्षेत्र से गायब हुई थी। जो अभी तक बरामद नहीं हो पाई है।

### नर्सिंग हॉस्टल के कबाड़ में लगी आग, फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू, कई सामान भी जल कर खाक

**पटना।** पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल नर्सिंग हॉस्टल कैंपस के बगल में बुधवार की सुबह कबाड़ में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें पूरे कबाड़ को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही नर्सिंग हॉस्टल में अफरा तफरी मच गई। लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दी। अग्निदस्ते की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। गुरु गोविंद सिंह अस्पताल नर्सिंग हॉस्टल के बगल में बड़े पैमाने पर कबाड़ का टाल लगा है। बुधवार की सुबह अचानक कबाड़ के टाल में तेजी से धुआं उठने लगा। इस घटना से नर्सिंग हॉस्टल के छात्राओं के बीच भगदड़ मच गई। छात्राओं ने इसकी सूचना अस्पताल प्रबंधन को दी। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी स्थानीय थाने को दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पटना सिटी फायर स्टेशन से अग्निदस्ते की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कबाड़ में रखे गए अस्पताल के कई समान जलकर नष्ट हो गए। घटना की पुष्टि करते हुए स्थानीय थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में उन्हें कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आग लगने से नुकसान के आंकड़े के बारे में उन्होंने बताया कि जब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं होता है, तब तक इसका अंदाज लगाना मुश्किल है।

## बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर बराज के सभी गेटो का हुआ निरीक्षण

**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर।** बाढ़ पूर्व तैयारी को लेकर बराज के गेटो का निरीक्षण करने के लिए अभियंताओं की टीम बुधवार की दोपहर गंडक बराज पहुंची। इस अवसर पर यांत्रिक एवं गंडक बराज बराज के अभियंताओ के द्वारा फाटकों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। गंडक बराज के फाटकों का ऑटो मेशन सिस्टम से गेटों का परिचालन समेत अन्य जानकारी नियंत्रण कक्ष से ली गई। इस दौरान गंडक बराज के सभी 52 गेटों के परिचालन का भी अवलोकन करते हुए संबंधित अन्य जानकारियां ली गई । गंडक बराज नियंत्रण कक्ष के सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक गंडक बराज के सभी 52 गेटों का सफलता पूर्वक संचालन कर जांच की गई है। सभी गेट जांच में दुरूस्त पाए गए हैं । गंडक बराज के अधिकारी व सिचाई यांत्रिक के अधिकारियों के सहयोग से गंडक बराज के गेटों का संचालन किया जाता है। हालांकि, कुछ गेटों में ग्रीसिग, ऑयलिंग एवं पेन्टिंग का कार्य प्रगति पर है। जिसे बाढ़ अवधि से पूर्व पूरा कर लिया जाएगा। बताते चलें कि गंडक बराज की डिजाइनिंग डिस्चार्ज क्षमता साढ़े आठ लाख क्यूसेक है। लेकिन, नदी की तलहटी में सिल्ट जमा होने के कारण इसकी डिस्चार्ज क्षमता में कमी आई है। 23 जुलाई 2002 को 6 लाख 29 हजार जल दबाव के कारण गंडक बराज का दायां एफलेक्स बांध टूट गया था।

### नीतीश के पत्र पर आरजेडी का तंज, कहा-

## पत्र में सृजन घोटाला और बालिका गृह कांड का जिक्र भी कर दिए होते नीतीश कुमार

**एजेंसी, पटना।**



लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार ने बिहार के लोगों के नाम पर पत्र लिखा है। उन्होंने बिहार के लोगों को परिवार कहा है। पत्र के जरिए नीतीश कुमार ने एक बार फिर से लालू राज का चेहरा सामने रखा है। साथ ही कहा है कि आपको याद होगा 2005 से पहले की सरकार ने बिहार को किस हाल में पहुंचा दिया था।

**ये सब बिहार की पहचान बन चुके थेः** नीतीश कुमार ने कहा है कि घोटाले, अपराध,अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार,माफिया राज बिहार की पहचान बन चुके थे। उद्योग-धंधे बंद हो गए थे। व्यापारी-कारोबारी पलायन कर गए थे। हमने बिहार को अराजकता से बाहर निकाला। हमने सात निश्चय-2 के अंतगत बहार में 10 लाख सरकारी नौकरियां और 10 लाख रोजगार देने की बात कही थी। इस दिशा में बिहार अब इतिहास रच रहा है। पत्र में आगे नीतीश कुमार ने अपनी सरकार द्वारा किए एक विकास कार्यों को गिनाया है।

**इन सब बातों का भी जिक्र कर दिए होते नीतीश कुमार- एजाज अहमद, आरजेडी प्रवक्ताः** एक तरफ नीतीश कुमार का यह पत्र है और दूसरी तरफ आरजेडी या गठबंधन इंडिया की चुनावी सभा में तेजस्वी यादव बोल रहे हैं कि नौकरी देने का जो काम 17 वर्षों में नीतीश कुमार ने नहीं किया वह 17 माह में हमने करवाया। आरेजडी ने नीतीश कुमार के पत्र पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है। आरजेडी के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा है कि 15 वर्षों में उन्होंने सिर्फ जुमलेबाजी की है। नीतीश कुमार ने पत्र में उन बातों का उल्लेख क्यों नहीं किया कि पटना यूनिवर्सिटी को सेन्ट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा देने का मांग पीएम नरेन्द्र मोदी के सामने किया था। नरेन्द्र मोदी ने इस पर कुछ नहीं कहा। आपने बीजेपी को भारत जलाओ पार्टी कहा था, उसका जिक्र भी पत्र में कर दिए होते। पत्र में बिहार और बिहार के लोगों को अपील तो कर रहे हैं लेकिन आप अपनी राजनीतिक स्थिति को बचाने के लिए कभी बीजेपी के साथ तो कभी आरजेडी के साथ। आपकी राजनीति की पोल खुल चुकी है। बीजेपी तो आपके साथ मंच भी साझा नहीं करना चाहती। जनता को नहीं बरगलाएं, वह सब जानती है। रोजगार वाली सरकार को आपने समाप्त करने का काम किया। नौजवानों के भविष्य के साथ मजाक किया, नौजवानों को नौकरियां मिल रही थीं। पत्र में सृजन घोटाला और बालिका गृह कांड का भी जिक्र कर दिए होते। आप बीजेपी के साथ कैसे भ्रष्टाचार को शिष्टाचार बना रहे थे, इसका भी जिक्र कर दिए होते।

## देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को एसएसबी के जवानों ने पकड़ा

**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर ।**

थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के झंडू टोला गांव में स्थित एसएसबी 21वीं वाहिनी बगहा के अधीनस्थ एसएसबी कैंप के जवानों ने विगत मंगलवार की दोपहर गंडक नदी के रास्ते उत्तर प्रदेश से आ रहे एक 22 वर्षीय युवक विंध्याचल निषाद, पिता संजय निषाद ग्राम सोहगी बरवा निचलौल जिला महाराजगंज उत्तर प्रदेश को 264 पैकेट में रखे लगभग 53 लीटर सुवासित बंटी बबली देसी शराब के साथ झंडू टोला चकदहवा तेलफाल घाट के पास गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसबी टीम का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक परिमल हलदार कर रहे थे। एएसआई परिमल हलदार ने बताया कि उत्तर प्रदेश से गंडक नदी के रास्ते आ रहे युवक से पूछताछ करने पर वह कुछ नहीं बता रहा था। उसके बाइक पर सफेद बोरी में कार्टून बंधा हुआ था। जिसे खोलकर देखा गया तो उसमें 264 पैकेट में रखे, लगभग 53 लीटर बंटी बबली शराब पाया गया। पकड़े गए शराब तस्कर को वाल्मीकिनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष विजय प्रसाद राय ने बताया कि एसएसबी को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पकड़े गए शराब तस्कर को मद्य निषेध अधिनियम के तहत न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उसके पास से जप्त किए गए एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल का कोई कागज नहीं है। इससे प्रतीत होता है कि बाइक भी चोरी की है।

## बिहटा में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या

**चाणक्य भूमि, पटना।**

पटना जिले के बिहटा में 1 कट्ठा जमीन और 10 लाख रुपए के लिए विवाहिता की हत्या कर शव को बालू घाट में दफना दिया। घटना के बाद से ही पति समेत ससुराल पक्ष के लिए लोग फरार हैं। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान श्रीरामपुर गांव निवासी रमेश राय की पुत्री सोनी कुमारी के रूप में हुई है। मृतका कि भाई ने थाने में आवेदन देकर ससुराल पक्ष पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि 2 साल पहले लेखन टोला निवासी छोटन राय के पुत्र धीरज कुमार के साथ सोनी की शादी हुई थी।



**शव को बालू घाट में दफनाया, परिजन बोले- ससुराल वाले 1 कट्ठा जमीन और 10 लाख मांग रहे थे**

**बहन को लगातार प्रताडित किया जा रहा था- मृतका का भाईः** शादी के कुछ दिन बाद ही एक कट्ठा जमीन और 10 लाख रुपए की मांग करने लगे। बहन को लगातार प्रताडित किया जा रहा था। मारपीट भी की जाती थी। 23 अप्रैल को उसकी बहन की हत्या कर दी।

**मृतका के भाई ने दिया था आवेदनः** दानापुर डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि महिला के भाई ने थाने में आवेदन दिया था। पुलिस की छानबीन चल रही थी, इस बीच आज सुबह जानकारी मिली कि एक महिला के शव को सुरौंधा बालू घाट के पास दफनाया गया।

## 129 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन

**चाणक्य भूमि वाल्मीकिनगर**

भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित संगम तट पर बेलवा घाट परिसर में चैत्र पूर्णिमा एवं हनुमान जयंती के पावन अवसर पर 129 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ समवेत स्वर में पर्यावरण गीत के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि सहायक कमांडेंट मोहित सिंह, विशिष्ट अतिथि एचेल थारू, स्वरांजलि सेवा संस्थान के एम.डी संगीत आनंद, राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, यूट्यूबर जयदेव कुमार, अभिनेता सोनू चौधरी, आचार्य पंडित अनिरुद्ध दूबे,एवं समाजसेवी भारत कुमार ने संयुक्त रूप से महा आरती दीप प्रज्वलित किया। मुख्य अतिथि मोहित सिंह ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग खतरे की घंटी बजा रही है। प्रकृति ने जो हमें वरदान दिया है उन्हें सहेज कर रखने की जरूरत है।यह जानकर खुशी हुई की पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के प्रति जन जागरूकता हेतु इस महा आरती का आयोजन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि एचेल थारू ने बताया कि यहां तीन नदियों का संगम है। इस पवित्र गंडक नदी को सदा नीरा भी कहते हैं। क्योंकि इसमें सालों भर पानी रहता है। अभिनेता सोनू चौधरी ने बताया कि क्षेत्र के प्रतिभाशाली कलाकारों को भी इस महा आरती के द्वारा एक मंच प्रदान किया जाता है।यूट्यूबर जयदेव कुमार ने कहा कि संस्था द्वारा नवोदित कलाकारों को निः शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। समाजसेवी भारत कुमार ने कहा कि जल जीवन हरियाली इस दुनिया के लिए जरूरी है। इसके लिए हर व्यक्ति को प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लेना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजु देवी ने कहा कि संस्था द्वारा मानवीय संवेदनाओं को महसूस करते हुए हर दिन लावारिस दिव्यांग, जरूरतमंदों एवं मानसिक बीमारों हेतु दैनिक चलंत दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया जाता है। आचार्य पंडित अनिरुद्ध दूबे ने कहा कि चैत्र पूर्णिमा का अपना विशेष महत्व है। कलयुग के साक्षात देवता कहे जाने वाले हनुमान जी महाराज का आज जन्मोत्सव भी है। इस पवित्र चैत्र महीने में हम रामनवमी का त्यौहार भी हर साल मनाते हैं। संगीत आनंद ने कहा कि 6 नवंबर 2014 से इसी गंडक नदी के तट से इस महा आरती की शुरुआत की गई थी। सशस्त्र सीमा बल 21 वीं वाहिनी के कमांडेंट श्री प्रकाश समेत समय-समय पर कार्यक्रम में भाग लेने वाले अधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष सहयोग प्रदान करने के लिए अमेरिका वासी संस्था के संरक्षक,भक्त कृष्णा पांडे, स्वास्थ्यकर्मी कुमारी संगीता, विजय कुमार, निर्माता अरविंद अकेला, आदि ने कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया । इस मौके शिव शिष्या पिंकी देवी, रंजीता देवी, मीरा देवी, सीमा देवी, एडिटर स्वरांजलि, बाल कलाकार सुधि स्वरा सिंह, मास्टर मन्नू देव,तूफानी ठाकुर, आदि की भूमिका सराहनीय रही। वृक्ष की रक्षा मानव रक्षा ,जल जीवन हरियाली, देगी हमें खुशहाली, गंगा मैया की जय, हनुमान जी महाराज की जय आदि नारों से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान होता रहा। विश्व शांति समृद्धि एवं खुशहाली हेतु कथा पूजा एवं हवन करके पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया गया।

## शादी में दबंगों ने लड़की के पिता समेत दर्जनों को पीटा

**चाणक्य भूमि बेतिया।**

घटना बैरिया थाना के मथौली गाँव की है जहाँ दबंगों ने लड़की के पिता समेत दर्जनों लोगों को मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया जहां शादी समारोह में अफरातफरी के गई।लड़की के पिता संजीत रावत ने बताया कि मेरी बेटी पूजा की शादी हो रही थी जिसमे आर्केस्ट्रा हो रहा था वहां कुछ दबंगों ने लोगों के साथ मारपीट करने लगे उसके बाद शादी के मंडप पर पहुंचकर सभी रिश्तेदारों के साथ मारपीट किया और लूटपाटकर कर लिया इसी दौरान 15 लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। लड़की के पिता ने यह भी बताया कि दबंगों द्वारा दूल्हे के गाड़ी में तोड़फोड़ कर दिया जिससे गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वही गाड़ी वाले ने रिपेयरिंग के लिए 4 लाख मांग कर रहे हैं। हम गरीब आदमी इतना पैसा कहां से लाएंगे एक तो कर्जा लेकर बेटी की शादी किए हैं यह मामला बैरिया थाना के मथौली गाव का है।

### रास्ते से भटक गए हैं भोजपुरी पावर स्टार, मनोज तिवारी बोले-

## राष्ट्रवादी व्यक्ति हैं पवन सिंह, उनसे बातचीत करेंगे

**एजेंसी, पटना।**

भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह बिहार के काराकाट से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। वहीं, इसको लेकर पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान सांसद मनोज तिवारी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि पवन सिंह राष्ट्रवादी व्यक्ति है। हमने उनको आसनसोल से टिकट दिया था। लेकिन उन्होंने मना कर दिया। हम आपसे क्या कहें, हम पवन से बात करेंगे। मेरे भाई जो राष्ट्रवादी हैं और रास्ता से भटक गए हैं, उनसे हम बात करने की कोशिश करेंगे।

**कन्हैया पर क्या बोले मनोज तिवारीः** कन्हैया कुमार आपके खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। इसको लेकर मनोज तिवारी ने कहा कि बेगूसराय की जनता ने उन्हें चार लाख वोट से हराकर भेजा था। अब दिल्ली वाले उन्हें 5 लाख से ज्यादा वोट से हराकर भेजेंगे। क्योंकि यह टुकड़े-टुकड़े गैंग को देश का कोई भी व्यक्ति स्वीकार करने वाला नहीं है। दरअसल कांग्रेस ने दिल्ली की उत्तर पूर्वी लोक सभा सीट से कन्हैया कुमार को टिकट दिया है। कन्हैया के सामने बीजेपी के मनोज तिवारी मैदान में होंगे।

**तेजस्वी यादव पर भी साधा निशानाः** इधर, तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि बिहार में इस बार एनडीए का सुपाड़ा साफ हो जाएगा। इसको लेकर मनोज तिवारी ने कहा कि लगातार जनता उनको नकारती आई है। मुझे लगता है कि तेजस्वी को अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए कि क्यों इतने मिलन के बाद भी इतने बड़े-बड़े झटके लगे हैं। बिहार की जनता तेजस्वी और उनकी पार्टी की सोच को पहचान चुकी है। अब इनके लिए बिहार में कुछ नहीं है। विपक्ष की ओर से लगातार विवादित बयान दिए जा रहे हैं कि किसी का मानसिक संतुलन खराब हो गया है तो किसी का कुछ। इसको लेकर मनोज तिवारी ने कहा कि रोहिणी आचार्य का बयान देखिए, कांग्रेस का मेनिफेस्टो देखिए, इंडिया गठबंधन द्वारा सनातनी को नष्ट करने की भाषा देखिए। कुल मिला कर समझ में आ जाएगा की मानसिक संतुलन इंडी गठबंधन का खो चुका है।



### बिहार में एनडीए क्लीन स्वीप करेगी

**पटना।** मनोज तिवारी ने पटना में कहा कि आप लोग देख रहे हैं कि इतनी गर्मी के बावजूद भी चुनाव को लेकर माहौल काफी अच्छा है। इस बार बिहार में हम लोग क्लीन स्वीप करेंगे। आज मेरा अररिया, भागलपुर में जनसभा है फिर शाम में दिल्ली लौट जाऊंगा। आगे उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह कहना कि हम सभी देशवासियों के प्रॉपर्टी की समीक्षा करेंगे। मुझे लगता है अब कुछ बताने की जरूरत नहीं है कि यह लोग देश को बांटने में किस तरीके से लगे हैं। तेजस्वी यादव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जनता उनको नकारती आई है।

## ट्रक ड्राइवर और कार मालिक के बीच विवाद, पटना से चालक को ले गया नवादा

**एजेंसी, पटना।**

पटना के जक्कनपुर थाना क्षेत्र के सिपारा के पास ट्रक और कार से रगड़ खाने के मामूली विवाद में हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। पुलिस भी इसमें दिनभर लगी रही। पहले कार मालिक ने ट्रक ड्राइवर और खलासी से नुकसान की भरपाई के लिए रुपए की डिमांड की। इसी बात पर धीरे-धीरे विवाद बढ़ते चला गया। ट्रक ऑनर से भी कार मालिक ने नुकसान की भरपाई के लिए टेलीफोनिक बातचीत की। लेकिन, दोनों के बीच लेन-देन को लेकर कम्युनिकेशन गैप रहा। फिर कार मालिक घटनास्थल से ट्रक ड्राइवर को अपने साथ लेकर नवादा चला गया। घटना की सूचना मिलने के बाद कार मालिक, जक्कनपुर थाने की पुलिस और मध्यप्रदेश से ट्रक ऑनर लगातार फोन पर बातचीत करते रहे।



**अपहरण की बात आई सामनेः** पटना से नवादा ले जाने के बाद ट्रक ड्राइवर के अपहरण की खबर आई। लेकिन जक्कनपुर थाने की पुलिस ने अपहरण जैसी कोई भी घटना से इंकार किया है। थानेदार ने बताया कि सिपारापुल के पास दूसरे राज्य से नींबू लेकर एक ट्रक आया था। बैक करने के दौरान चार चक्का गाड़ी का लुकिंग ग्लास टूट गया। इसके बाद ट्रक ऑनर से कार मालिक ने मुआवजे की मांग की। लेकिन बात नहीं बनने के बाद ट्रक मालिक ने कार मालिक से केस करने के लिए कहा। लेकिन उसने केस भी नहीं किया। ड्राइवर को पटना से नवादा ले जाने की बात सामने आई, लेकिन ड्राइवर की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है।

## गार्डिनर अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे की सुविधा शुरू

**एजेंसी, पटना।**

पटना के गार्डिनर अस्पताल में डिजिटल एक्स-रे की सुविधा फिर से शुरू हो गई। पिछले छह माह से ये सेवा बंद थी, जिससे मरीजों की परेशानी बढ़ गई थी। एक्स-रे मशीन लगने से मरीजों को राहत मिली है।

**टेंडर में गड़बड़ी के चलते मशीन लगने में हुई देरीः** अस्पताल के अधीक्षक मनोज कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि टेंडर में गड़बड़ी के चलते नई मशीन लगने में देरी हुई है। अब नई डिजिटल एक्स-रे मशीन को लगा दिया गया है। मरीजों को दिक्कत नहीं होगी। बता दें, गार्डिनर अस्पताल में पहले मैनुअल एक्स-रे मशीन काम कर रहा था। प्रत्येक दिन 50 से अधिक मरीजों का एक्स-रे किया जाता था। ऐसे में विभाग को डिजिटल एक्स-रे मशीन लगाने का विभाग को प्रस्ताव



भेजा गया था

**मरीजों के लिए 67 प्रकार की दवाइयां उपलब्धः** जानकारी के मुताबिक यहां मधुमेह, थायराइड, नेफ्रोलॉजी और हीमोफीलिया जैसी गंभीर बीमारियों का मुफ्त इलाज किया जाता है। मरीजों के लिए 67 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध है। एफटी, एलएफटी, सिरम इलेक्ट्रोलाइटिस समेत 36 तरह की जांच की व्यवस्था है। इंसुलिन, फैक्टर 8 और 9 जैसे आवश्यक और महंगी दवाएं भी दी जाती है। डायलिसिस के साथ एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड की भी सुविधा है।

## वोट अपील वाला पत्र उल्टा न पड़ जाए सीएम नीतीश को!

### सोशल मीडिया पर खूब कोस रहे लोग, वोटर्स बोले- पड़ोसी राज्य में वोट मांगें यहां नहीं

**एजेंसी, पटना।**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव में अपने पक्ष में बातों को मजबूत करने के लिए जनता के नाम पत्र लिखा है। पत्र में 2005 से पहले के लालू प्रसाद राज को नसीहतें दी हैं। जनवरी तक नीतीश कुमार लालू प्रसाद की पार्टी के साथ बिहार सरकार चला रहे थे। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव थे, लालू प्रसाद के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव भी उस सरकार में मंत्री थे। लेकिन दो-ढ़ाई माह भी नहीं बीते कि उन्होंने लालू प्रसाद के शासन की बखिया उधेड़नी शुरू कर दी। घोटाला, अपराध, अपहरण, हत्या, डकैती, नरसंहार, माफिया राज उद्योग-धंधों की बर्बादी, व्यापारियों- कारोबारियों का पलायन यह सब याद दिलाने लगे। 17 महीने वे बीजेपी को रोकने के लिए लालू प्रसाद के साथ थे। अब लालू प्रसाद को रोकने के लिए बीजेपी के साथ हैं! इसकी आशंका खूब है कि लोकसभा चुनाव में नीतीश कुमार का लिखा पत्र उनके लिए कहीं उल्टा न पड़ जाए! लालू प्रसाद की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल नीतीश कुमार के पत्र पर प्रेस कांफ्रेस कर जवाब देने की तैयारी में है।



**कई वजहों से चर्चा में रहे नीतीशः** हाल के दिनों में विधान सभा के बजट सत्र में सेक्स पर दिया उनका बयान हो या जीतन राम मांझी को फटकार, लालू प्रसाद के बच्चों पर दिया बयान, 40 सीट की जगह गलती से 4 हजार सीट बोला हो। इस सब से वे खासे चर्चा में रहे हैं। अब वोट देने की अपील से जुड़े पत्र से उनकी फजीहत सोशल मीडिया पर हो रही है। लोग तरह-तरह की राय दे रहे हैं। खास तौर से डोमिसाइल नीति की आलोचना युवा कर रहे हैं। शिक्षकों का बड़ा वर्ग कई तरह की नसीहतें नीतीश कुमार को दे रहा है।

**शिक्षकों में सबसे ज्यादा आक्रोशः** नीतीश कुमार के पत्र पर खास तौर से शिक्षकों का आक्रोश तो गजब का दिख रहा है। बिहार में साढ़े छह लाख शिक्षक हैं। एक लाख 87 हजार शिक्षक तो सिर्फ बीपीएससी से बहाल हुए हैं। नियोजित शिक्षकों के ट्रांसफर के लिए सॉफ्टवेयर कई वर्ष से बन रहा है। बीपीएससी से बहाल ज्यादातर महिला शिक्षकों को भी काफी दूर पोस्टिंग दी गई है। यह सब जनता दल यूनाइटेड के एक्स हैंडिल पर आ रही लोगों की प्रतिक्रिया से साफ हो रहा है। बता दें स्कूलों में टाइमिंग को लेकर भी काफी जिच हुई, आश्वासन के बावजूद सुधार नहीं हुआ। यूनिवर्सिटी के मामले में राजभवन और विभाग के बीट अलग टकराव चल रहा है। कॉलेजों के कर्मियों को जनवरी से वेतन नहीं मिला है,पेंशन पाने वाले कर्मियों की स्थिति सबसे अधिक खराब है। होली, ईद ऐसे ही मनी है।

# मतदान के लिये डॉक्टर मरीजों को करेंगे प्रोत्साहित

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



- 25 मई को मतदान में भागीदारी का लगायेंगे मुहर
- स्वीप गतिविधि के तहत कार्यक्रम का शुभारंभ

**बेतिया।** जिला स्वीप कोषांग के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है ताकि मतदाता मतदान के प्रति जागरूक बने। स्वीप कोषांग बेतिया के नोडल पदाधिकारी कमला कांत त्रिवेदी ने बताया कि लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें इसके लिए स्वीप के माध्यम से जन जागरूकता के कई कार्यक्रम किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में आज डॉ0 उमेश कुमार के क्लीनिक में मरीजों के पर्ची (प्रिस्क्रिप्शन) पर मतदाता जागरूकता संदेश की मुहर लगाई गई। नोडल अधिकारी ने क्लीनिक में उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों को संबोधित किया और उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अगर कोई मतदाता बुजुर्ग, बूढ़े या फिर घर से निकलने में असमर्थ है तो वे अपने घर से भी मतदान कर सकते है। इसके लिए वे अपने सम्बंधित बूथ के बीएलओ से मतदान करने से पहले से संपर्क कर जानकारी ले सकते और मतदान कर सकते है। कार्यक्रम में उपस्थित स्वीप कोषांग की सदस्या मेरी आडलिन ने उपस्थित लोगों को मतदान करने के जागरूक करते हुए कहा आप सभी का वोट बहुत महत्वपूर्ण है। आपका एक-एक वोट लोकतंत्र को मजबूत बनाएगा, इसलिए 25 मई को मतदान अवश्य करें। ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के जिला प्रवक्ता डॉ0 उमेश कुमार ने कहा कि वे जिला स्वीप कोषांग से प्राप्त मतदाता जागरूकता मुहर को अपने क्लिनिक में मरीजों के पर्ची पर लगाएंगे और जिला मुख्यालय एवं जिले के अन्य प्रखंडों में कार्यरत प्राइवेट चिकित्सकों को भी मुहर उपलब्ध कराएंगे, जिससे मरीजों के दवा की पर्ची पर मतदान जागरूकता संदेश की मुहर लगाकर मतदान का प्रचार-प्रसार हो सके। उन्होंने कहा कि जिला में ज्यादा से ज्यादा मतदान सम्पन्न कराने में निजी क्लिनिक संचालक व Rडॉक्टर अपनी सहभागिता जरूर देंगे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में जिला स्वीप कोषांग की सदस्या रानी कुमारी, शमीम आरा, रजनी कुमारी, अमूल्य प्रताप, रविकांत झा, संजय कुमार, शशिकांत कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## रुलही में आयोजित कलश शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओ की भीड़

चाण्क्य भूमि(कनकलता)

**बेतिया।** बुधवार को रुलही स्थित शिव पार्वती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गयी।चार दिवसीय महायज्ञ को लेकर रुलही वार्ड नं 4 दुबे टोला हनुमान मंदिर परिसर से शोभा कलश यात्रा निकाली गयी।आचार्य रामबाबु उपाध्याय ने बताया कि कलश शोभा यात्रा में 1001 कुँवारी कन्याओं की भागीदारी रही।कलश यात्रा पंचायत का परिभृमण करते हुए ऐतिहासिक धनवंती नदी से जलबोझी किया ।जलबोझी को सफल बनाने में रामकिशोर शरण उर्फ नंदकिशोर दुबे,अरविन्द दुबे प्रमोद दुबे, कामख्या नारायण सिंह,भूषण दुबे,रविन्द्र नाथ दुबे, सुनिल कुमार सिंह, दिनेश कुमार दुबे आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही।यज्ञाचार्य अरविन्द दुबे ने बताया कि शिव पार्वती की पूजा करने से समस्त कष्टों का निवारण होता है।ग्राम वासियो को सद्बुद्धि, विवेक की प्राप्ति होती है।और बस्ती में अनिष्ट का नाश होता है।शोभा यात्रा के दौरान पूरा वातावरण ॐ नमः शिवाय,बम बम भोले के जयकारों से गुंजित होता रहा। 25 तारीख को रात्रि में जागरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

# बिहार राज्य सहयोग क्रय विक्रय संघ की जिला इकाई का चुनाव सम्पन्न

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



प्रमाण पत्र प्राप्त करते निर्वाचित " ए" ग्रेड प्रतिनिधि

- रूपेश सिंह बने "ए "ग्रेड के प्रतिनिधि

**बेतिया।**बिहार राज्य सहयोग क्रय विक्रय संघ समिति बिहार झारखंड के पश्चिमी चंपारण जिला के क्षेत्रीय कार्यालय बेतिया में जिला प्रतिनिधियों का चुनाव बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमें ग्रुप ए से चार प्रतिनिधि और ग्रुप बी से एक प्रत्तिनिधि निर्वाचित घोषित किए गए। जिला निर्वाचि पदाधिकारी सह निर्वाचन प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि ग्रुप ए से रूपेश कुमार सिंह ,संजीव कुमार पांडेय, राकेश राय, किष्किंधा तिवारी ,अमरेंद्र कुमार मिश्रा तथा नागेश्वर वत्स और ग्रुप बी से द नेशनल सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक बेतिया के अध्यक्ष संतोष कुमार को निर्विरोध घोषित करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया गया। उन्होंने बताया कि राज्य की शीर्ष सहकारी संस्था बिस्कोमान है जो किसानों को उचित दर से खाद और खाद्य पदार्थों का उपलब्ध कराती है। द नेशनल सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड बेतिया के अध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि हम लोगों का प्रयास बिस्कोमान को किसानों के लिए सबसे ज्यादा लाभकारी संस्था बनाना है। हम लोग जिला प्रतिनिधि के तौर पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। आगामी 6 जून को राज्य स्तरीय चुनाव में अपने अध्यक्ष सुनील कुमार के कंधों को मजबूत करना है।मझौलिया प्रखण्ड के मोहदीपुर पंचायत सहयोग समिति के रूपेश कुमार सिंह ने बताया कि बिस्कोमान एक बहुउद्देशीय संस्था है। हम लोग का प्रयास जिले के तमाम किसानों को उचित मूल्य पर और समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना तथा बाजार से सस्ते दामों पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ का स्टाल लगाकर वितरण करना है। उन्होंने बताया कि आगामी 6 जून को अपने अध्यक्ष सुनील कुमार को फिर से बिस्कोमान का अध्यक्ष बनाना है। बताते चले कि प्रत्येक 5 वर्ष पर बिस्कोमान के त्रिस्तरीय प्रतिनिधियों का चुनाव होता है। निर्विरोध निर्वाचित होने पर अध्यक्ष संतोष कुमार रूपेश कुमार सिंह राकेश राय किष्किंधा तिवारी अमरेंद्र कुमार मिश्रा नागेश्वर वत्स को समर्थकों ने मुंह मीठा कराते हुए बधाई दिया तथा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। निर्वाचन प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया कि बिस्कोमान के क्षेत्रीय कार्यालय बेतिया में 22 अप्रैल को नामांकन प्रक्रिया 23 अप्रैल को नाम वापसी तथा 24 अप्रैल को मतदान तिथि निर्धारित किया गया था। लेकिन मुकाबले में अन्य प्रत्याशी नहीं होने के कारण उपरोक्त लोगों को निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया। बताते चले की पश्चिम चंपारण जिले में बेतिया बगहा चनपटिया लौरिया तथा नरकटियागंज में बिस्कोमान का कार्यालय है।


## संक्रमण से बचाव के लिये सीएचसी मैनाटाड़ में सस्ते दर पर नैपकिन उपलब्ध

चाण्क्य भूमि(अक्षय आनंद)

**मैनाटाड**।महिलाओं और युवतियों के लिए एक अच्छी खबर सामने आयी है। दरअसल प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महज दो रुपये में सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराया जा रहा है। सेनेटरी नैपकिन का प्रयोग करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है ताकि किसी तरह के संक्रमण बढ़ने का खतरा नहीं हो सके। स्वच्छता को लेकर महिला के साथ आने वाली किशोरी को भी सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल के लिए एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा जागरूक किया जायेगा। सीएचसी प्रभारी डॉ विजय कुमार चौधरी और हेल्थ मैनेजर अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के आलोक में महज दो रूपये के सिक्के डालने पर वेडिंग मशीन के द्वारा सेनेटरी नेपकिन उपलब्ध हो जा रहा है। मशीन का लाभ महिलाओं और युवतियों को मिले, इसके लिए जागरुकता अभियान भी स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा चलाया जा रहा है।ताकि मशीन का लाभ शत प्रतिशत मिल सकें। सीएचसी प्रभारी डॉ विजय कुमार चौधरी ने बताया कि बताया कि महिलाओं को इंफेक्शन से बचाने का यह एक बहुत अच्छा प्रयास है। उन्होंने बताया कि अक्सर हास्पिटल में गांव देहात की महिलाएं आती हैं। अधिकतर महिलाओं में नैपकिन खरीदने को लेकर संकोच रहता है। इस तरह की मशीन लगने से आने वाली महिलाएं, छात्राओं और महिला कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी। मशीन उनके लिए सहायक बन सकेंगी। मौके पर डॉ अमरेंद्र कुमार,डॉ धीरज गुप्ता, डॉ आफरीन सहर बानो, डॉ अजीत कुमार आदि मौजूद रहें।

## आग लगने से दर्जनो घर जलकर राख लड़की की आने वाली है बारात

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



बैरिया अंचल क्षेत्र में आग लगने से एक दर्जन से अधिक लोगों का घर जलकर राख हो गया है और लाखों रुपये मूल्य की क्षति होने का अनुमान है । घटना पखनाहा डुमरिया पंचायत के वार्ड नंबर 17 मोतीपुर गांव की है। जानकारी देते हुए पुर्व मुखिया ने बताया की सुबह लगभग 10 बजे आग लग गयी और देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने आग लगने कि सुचना अग्निशमन दस्ता को दी। सुचना मिलते ही अग्निशमन दस्ता की गाड़ी पहुंच आग बुझाने में जुट गई। इस अग-लगी में कपड़ा, बर्तन, गहना, अनाज समेत सबकुछ जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गया। इस अग लगी में रईस मिया, कुरेश मिया,हफिज मिया, बिकाउ प्रसाद चौरसिया, सतन साह संजीव साह, बेचु साह, ओमप्रकाश साह, रितलाल साह,बिन्धाचल प्रसाद, बिजय साह,जन्मदिन मिया समेत एक दर्जन से अधिक लोगो का घर जलकर राख हो गया है। जानकारी के अनुसार सतन साह की लड़की रविता की बरात बुधवार के शाम आने वाला थी । शादी के तैयारी भी चल रहा था। इस अगलगी में लड़की को देने के लिए गहना, कपडा व बरात के स्वागत में खाना के व्यवस्था में रखे दो क्विंटल मुर्गा टेन्ट के समान समेत सभी समान जलकर राख हो गया है। अंचलाधिकारी विकेश पाण्डेय ने बताया की आग लगने की सुचना मिला है। हल्का कर्मचारी को भेज अगिन पीड़ित का सुची तैयार कर राहत सामग्री उपलब्ध करा दी जायेगी।

## चार किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

चाण्क्य भूमि(अक्षय आनंद)

**मैनाटांड़** ।पुलिस ने हजमाटोला गांव में छापेमारी कर गांजा के साथ एक तस्कर को धर दबोचा है।मैनाटाड़ थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि बुधवार के सुबह सूचना मिली कि हजमाटोला गांव निवासी यमुना साह गांजा का कारोबार करता है। तुरंत एक टीम बनाकर छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान यमुना साह के झोपड़ीनुमा घर से गांजा बरामद किया गया।जिसका वजन चार किलो हुआ। गांजा बरामदगी के बाद तुरंत धंधेबाज यमुना साह को भी गिरफ्तार कर लिया गया। थानाध्यक्ष श्री कुमार ने बताया कि इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर गांजा के धंधेबाज यमुना साह को न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया है। वहीं इस मामले में अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

# नहीं दी पराली जलनेवालों की सूची तो नपेंगे कृषि समन्वयक व सलाहकार

चाण्क्य भूमि (मैनाटांड़)



मैनाटाड।प्रखंड क्षेत्र में गेहूं की कटनी के बाद पराली जलाने का मामला देखा जा रहा है।पराली से आग लगकर अन्य किसानों की गेहूं की फसल भी खाक हो रही है।जिसको गंभीरता से लेते हुये बीडीओ पंकज कुमार ने पराली जलाने वाले किसानों की सूची कृषि अधिकारियों व कर्मियों से मांगा है। बीडीओ श्री कुमार ने कृषि अधिकारी, कृषि समन्वयक और किसान सलाहकार को पत्र लिखकर कहा हैं कि प्रायः यह देखा जा रहा है कि पंचायतों में किसानों के द्वारा फसल अवशेष जलाया जा रहा है। जिसके कारण प्रदूषण फैल रहा है। साथ में भूमि की उर्वरा शक्ति का ह्रास हो रहा है। विभागीय निदेश के आलोक में फसल अवशेष को खेत में जलाने वाले किसानों की पहचान करते हुए उन्हें किसान सम्मान योजना से वंचित करने का प्रावधान किया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि आपलोगों के द्वारा किसानों को जागरूक नहीं किया जा रहा है। ऐसे में पराली जलाने वाले किसानों को चिन्हित नहीं करने से यह प्रतीत होता है कि आपके द्वारा सरकारी दायित्व के प्रति लापरवाही बरती जा रही है। पूर्व में भी पराली जलाने वाले किसनों की सूची की मांग की गयी थी। जो अप्राप्त है। ऐसे में पराली जलाने वाले किसानों को चिन्हित करते हुए उक्त किसानों को सरकारी लाभ से वंचित कर उनकी सूची अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।


# नियमित टीकाकरण को लेकर जिलास्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



- बैठक मे बताया गया कि शत-प्रतिशत लक्ष्य को हासिल करना है बच्चों के टीकाकरण के लिए 100% ट्रेकिंग आवश्यक है

नियमित टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफ़ी गंभीर है, नियमित रूप से दिए जाने वाले टीके के स्तर को बढ़ाने व सुदृढ़ीकरण को लेकर मोतिहारी के एक निजी सभागार में जिलास्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिँह, एसीएमओ डॉ श्रवण कुमार पासवान, डीआईओ डॉ शरत चंद्र शर्मा,डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ मनोज तुमराडा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।मौके पर सिविल सर्जन डा विनोद कुमार सिंह ने बताया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीयों के द्वारा टीकाकरण का गंभीरतापूर्वक विश्लेषण आवश्यक है, वे हर कार्यों की उपलब्धी के लिए जिम्मेवार पदाधिकारी हैं, प्रशिक्षण के बाद प्रभारी अपने पीएचसी टीम के साथ बेहतर प्रयास करें, एसीएमओ डा श्रवण पासवान ने बताया कि कमजोर उपकेन्द्र की ग्रेडिंग कर वहाँ विशेष अभियान की व्यवस्था करें। डाक्टर शरतचंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार के पास बच्चों के टीकाकरण के लिए सारी सुविधाएं मौजूद है, बच्चों के टीकाकरण के लिए 100% ट्रेकिंग आवश्यक है, उन्होंने माइक्रोप्लान का विश्लेषण कर इसे बेहतर बनाने का सुझाव दिया।डॉ तुमराडा ने बताया कि क्षमता संवर्धित होनेवाले अस्पताल अधिकारी प्रखण्ड में आयोजित होनेवाले कार्यशाला मे चिकित्सक, एएनएम का संवर्धन किया जायेगा ताकि सभी बच्चे उम्र के अनुसार टीके ले सकें. आज अरेराज, आदापुर, रक्सौल, बनकटवा, घोडासहन। हरसिद्धि, छौडादानो, केसरिया, चकिया, कोटवा, कल्याणपुर, पहाडपुर तथा ढाका का कार्यशाला सम्पन्न हुआ है जबकि कल 25/4/24 को पकडीदयाल, मेहसी, पताही, बंजरिया, फैनहारा, मोतिहारी सदर, पिपरा कोठी , रामगढवा, संग्रामपुर, तुरकौलिया, सुगौली, चिरैया, तेतरिया तथा मधुबन का होगा।




























स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714